पटना विश्वविद्यालय

Patna University

Estd. 1917





## Patna University In News (17.10.2022)

# पीयू की लड़कियों को मगध महिला कॉलेज का हॉस्टल होगा आवंटित


अनुराग प्रधान, पटना

- मगध महिला कॉलेज की लड़कियों से आवंटित सीटें बचने के बाद पीयू के विभिन्न कॉलेजों की लड़कियों को मिलेगा हॉस्टल
- पीयू में हॉस्टल की 25 सीटों के लिए 200 से अधिक लड़कियों ने भरा है फॉर्म

**पटना** यूनिवर्सिटी के कॉलेजों में लड़कियों के लिए हॉस्टल पर्याप्त नहीं हो पा रहा है. इसी बार हास्टल की सिर्फ 25 सीटों के लिए 200 लड़कियों ने हॉस्टल के लिए आवेदन किया है, इनमें से 75 सायंस कॉलेज की छात्राएं शामिल हैं. पटना कॉलेज, सायंस कॉलेज व बीएन कॉलेज मिला कर अंडर ग्रेजुएट लड़कियों के लिए सिर्फ गंगा हॉस्टल है. यहां 100 सीटें हैं. इस कारण नये सत्र में एडमिशन लेने वाली छात्राओं को हॉस्टल नहीं मिल पाता है, क्योंकि पार्ट वन से टू और टू से पार्ट थ्री में जाने वाली लड़कियां गंगा में अपना हॉस्टल आवंटन रिन्यू करा लेती है. इस कारण नये सत्र में एडमिशन लेने वाली छात्राओं के लिए हॉस्टल मिलना मुश्किल हो जाता है. लेकिन, इस बार पीयू ने छात्राओं के मुश्किल का हल निकाल लिया है. अब से मगध महिला कॉलेज हॉस्टल भी अन्य कॉलेजों की लड़कियों के लिए आवंटित होगा. लेकिन, यह आवंटन मगध महिला कॉलेज की लड़कियों से सीटें बचने के बाद होगा.

**इस प्रकार होगा आवंटन** : डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो अनिल कुमार ने कहा कि लड़कियों के लिए हॉस्टल कम है. लेकिन, इस बार विकल्प निकाल लिया गया है. अब से मगध महिला कॉलेज हॉस्टल भी अन्य पीयू के विभिन्न कॉलेजों की लड़कियों के लिए आवंटित होगा. सबसे पहले मगध महिला कॉलेज के हॉस्टल की आवंटन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद बची हुई सीटों पर अन्य कॉलेजों की लड़कियों से आवेदन मांगा जायेगा. आवेदन की स्क्रूटनी के बाद आवंटन लिस्ट जारी की जायेगी.

मगध महिला कॉलेज के हॉस्टल में काफी सीटें हैं. नये में 525 सीटें हैं और पहले से 125 के आस-पास सीटें हैं. इस बार मगध महिला कॉलेज के हॉस्टल में विभिन्न कॉलेजों की काफी छात्राओं को रहने की उम्मीद है. प्रो कुमार ने कहा कि इस संबंध में मगध महिला कॉलेज प्राचार्य से बातचीत हो गयी है.


प्रभात खबर Mon, 17 October 2022
https://epaper.prabhatkhabar.com/



दैनिक भास्कर


### पीयू • नवंबर में चुनाव की बात, पीजी वोकेशनल में अभी चल ही रहा है नामांकन

# छात्र संघ चुनाव जल्द हुए तो नहीं शामिल हो पाएंगे पीजी वोकेशनल के आधे छात्र


एजुकेशन रिपोर्टर | पटना


पटना विश्वविद्यालय में छात्र संघ चुनाव अगर नवंबर में हुए जैसा कि विवि प्रशासन कह रहा है तो पीजी वोकेशनल कोर्स के आधे छात्र चुनाव में भाग नहीं ले पाएंगे। कारण यह है कि पीजी वोकेशनल कोर्स में अब तक नामांकन पूरा नहीं हुआ है। इन छात्रों का कब तक नामांकन पूरा होगा अभी तय नहीं है। बिना नामांकन पूरा किए छात्र संघ चुनाव कराने पर ये छात्र चुनाव में भाग लेने से वंचित रह जाएंगे। दिसंबर में चुनाव कराये जा सकते हैं, बशर्ते पीजी वोकेशनल कोर्स की नामांकन प्रक्रिया पूरी कर ली जाए। पीयू के द्वारा वेबसाइट पर जारी छात्र संघ नियमावली को ही देखें तो नियमतः नामांकन के बीच में चुनाव नहीं हो सकते हैं। उसमें यह साफ है कि सत्र शुरू होने के छह से आठ हफ्ते के बीच ही चुनाव हो सकते हैं। जब अभी नामांकन प्रक्रिया चल ही रही है तो ऐसे में चुनाव कराने की बात का छात्र विरोध कर रहे हैं।

### कौन चुनाव में भाग ले पाएंगे और कौन नहीं

अगर जल्दी चुनाव हुए तो सामान्य यूजी-पीजी कोर्स, यूजी वोकेशनल कोर्स के छात्रों के अलावा पीजी वोकेशनल कोर्स के थर्ड सेमेस्टर के छात्र ही छात्र संघ चुनाव में भाग ले पायेंगे। यूजी अंतिम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के फाइनल इयर की परीक्षा अब तक नहीं हुई है। मिली जानकारी के अनुसार यूजी वोकेशनल कोर्स का फाइनल एग्जाम नवंबर में ही होने वाला है। अभी क्लास ही चल रहा है। ऐसे में नवंबर में ये छात्र परीक्षा भी देंगे, पीजी वोकेशनल कोर्स में नामांकन भी लेंगे और चुनाव भी लड़ेंगे इस पर संशय है।

### विवि प्रशासन कर रहा है चुनाव की तैयारी

विवि प्रशासन चुनाव की घोषणा जल्द करने की बात कह रहा है, तैयारी भी कर रहा है। कभी भी चुनाव की घोषणा हो सकती है, ऐसे में इन छात्रों को यह डर है कि ये परीक्षा देंगे, नामांकन लेंगे या चुनाव के बारे में सोचेंगे। एबीवीपी के छात्र नेता वरुण सिंह ने बताया कि ऐसे में बड़ी संख्या में विभिन्न विषयों के स्नातक वोकेशनल कोर्स के छात्र जो पीजी वोकेशनल कोर्स में नामांकन लेना चाहते हैं, वे चुनाव से वंचित रह जाएंगे। बाहर के विवि से भी जो छात्र पीजी में नामांकन लेंगे, वे भी चुनाव लड़ने या वोट देने से वंचित रह जाएंगे। विवि प्रशासन नामांकन प्रक्रिया पूरी करके छात्र संघ चुनाव कराये।

### कॉलेजों और विभागों से मांगी गई है वोटर लिस्ट, चुनाव की नियमावली वेबसाइट पर अपलोड

विवि के द्वारा वेबसाइट पर चुनाव से जुड़े नियमावली को अपलोड किया गया है। इसके अतिरिक्त सभी कॉलेजों व विभागों से वोटर लिस्ट मांगा गया है। एक बार वोटर लिस्ट फाइनल होगा तो फिर बाद में अगर छात्रों का किसी प्रकार नामांकन हो भी गया तो वे वोट डाल पाएंगे या नहीं इस पर संशय है।

विवि चुनाव की तैयारी कर रहा है, कभी भी घोषणा हो सकती है। चुनाव की तिथि जारी होने के बाद जो छात्र उस समय तक नामांकित हो चुके हैं, वे चुनाव भी लड़ सकते हैं। छात्र संघ चुनाव जरूरी है। अगर अधिक देर करेंगे तो फिर चुनाव ही नहीं हो पाएगा क्योंकि विवि का सत्र समय पर पूरा करने की चुनौती है। **-प्रो अनिल कुमार,** स्टूडेंट्स वेलफेयर डीन, पीयू